Mahendra's Daily Current Affairs: 09.11.2021

1-Noted Marathi storyteller Gurunath Naik, who authored more than 1,200 books including several mystery novels, died in Maharashtra. He was 84.

कई रहस्यपूर्ण उपन्यासों सहित 1,200 से अधिक पुस्तकें लिखने वाले प्रसिद्ध मराठी कथाकार गुरुनाथ नाईक का महाराष्ट्र में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे।

2-Noted screenwriter Shafeeq Ansari of 'Baghban' fame died in Mumbai. He was 84.

'बागबान' से चर्चित हुए मशहूर पटकथा लेखक शफीक अंसारी का मुंबई में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे।

3-South African author Damon Galgut has won the 2021 Booker Prize for Fiction for his novel The Promise.

दक्षिण अफ्रीका के उपन्यासकार डेमोन गैलगट को उनके उपन्यास द प्रॉमिस के लिए 2021 का बुकर पुरस्कार दिया जायेगा।

4-IndiGo airlines has appointed Saguna Vaid as its general counsel with effect from December 1.

एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सगुना वैद को अपना जनरल काउंसल नियुक्त किया, जो 1 दिसंबर से कार्यभार संभालेंगी।

5-The World Health Organisation has granted approval for Emergency Use Listing to India's indigenously made COVID-19 vaccine, Covaxin which has been developed and manufactured by Bharat Biotech.

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की स्वदेशी रूप से निर्मित कोविड-19 वैक्सीन, को-वैक्सीन के आपात उपयोग की अनुमति दे दी है जिसे भारत बायोटेक द्वारा विकसित और निर्मित किया गया है।

6-Two flight tests of indigenously-developed smart anti-airfield weapon have been carried out jointly by Defence Research & Development Organisation (DRDO) and Indian Air Force (IAF).

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायु सेना द्वारा संयुक्त रूप से स्वदेशी तरीक़े से विकसित स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड हथियार के दो उड़ान परीक्षण किए गए हैं।

7-India and Bhutan will have seven additional entry and exit points for trade as part of measures to increase trade connectivity, the government said.

सरकार ने कहा कि व्यापार संपर्क बढ़ाने के उपायों के तहत भारत और भूटान में व्यापार के लिए सात अतिरिक्त प्रवेश तथा निकास बिंदु होंगे।

8-Mohan Lal and Mohammad Akram Chowdhary have been appointed as judges of the common high court of J&K and Ladakh.

मोहन लाल और मोहम्मद अकरम चौधरी को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के साझा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है।

9-IT services major Tata Consultancy Services (TCS) has partnered Royal Academy of Engineering of Spain to develop a digital framework that will provide online access to the latest learning support services and enhance collaboration between global educational professionals.

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल ढांचा विकसित करने के लिए स्पेन की रॉयल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग के साथ भागीदारी की है, यह ढांचा नवीनतम शिक्षण सहायता सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच प्रदान करेगा और वैश्विक शैक्षणिक पेशेवरों के बीच सहयोग बढ़ाएगा।

10-The Indian Oil Corporation (IOC), the nation's largest oil firm, will set up 10,000 charging stations for electric vehicles (EVs) in the next three years as it prepares for the energy transition leading to net-zero by 2070, its chairman Shrikant Madhav Vaidya said.

देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) अगले तीन वर्ष में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए **10,000** चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी, कंपनी **2070** तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के देश के लक्ष्य के तहत ऊर्जा में बदलाव की तैयारी कर रही है।